दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 67 मुरादाबाद 30 June 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ़, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## मुख्यमंत्री योगी ने बाढ़ से निपटने की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारियों संग की बैठक, दिए निर्देश




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर प्रदेश में बाढ़ नियंत्रण और जल भराव की समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे राज्य स्तर पर एएसडीएमए, एनड झीआर एफ एचक्यू और एसडीआरएफ की तीन यूनिट काम कर रही हैं। इसी तरह प्रत्येक जिले में जिला आपदा प्रबंधन योजना तैयार करके उसके प्रशिक्षण के कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ या किसी अन्य आपदा की स्थिति में प्रशिक्षित मैनपावर हर जनपद में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा से पूरी तरह बचाव हेतु जनपद अपने स्तर पर स्वावलम्बी कैसे बने। इस पर हमारा फोकस होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी ग्राम पंचायत, नगर निकाय, वार्ड या मोहल्ला में जल-जमाव नहीं होना चाहिए। हर एक स्तर पर इसकी जवाबदेही सुनिश्चित कराएं। नाला-नाली, ड्रेनेज इत्यादि की सफाई समय से आगे बढ़नी चाहिए। मानसून की पहली बारिश प्रदेश के कई जनपदों में हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि संभावित परिस्थितियों को देखते हुए अधिकारियों ने उससे निपटने के लिए आवश्यक तैयारी भी कर ली होगी।यूपी को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए आज रेस महाभियान का शुभारंभ किया गया। केंद्र सरकार सिंगल यूज प्लास्टिक की विभिन्न वस्तुओं के उपयोग पर जुलाई से प्रतिबंध लगाने जा रही है। प्रदेश की जनता को सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों से अवगत कराने के लिए यूपी सरकार जीआईजेड इंडिया के सहयोग से 29 जून से 3 जुलाई तक रेस महाभियान चला रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य में बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारी को लेकर ज़िला मजिस्ट्रेटों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ बचाव की तैयारियां पूरी कर लें। यूपी में एमएलए-एमएलसी को निधि की पहली किस्त जारी कर दी गई है। पहली किस्त के रूप में डेढ़-डेढ़ करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। बीजेपी ने मिशन-2024 की रणनीति बनाने के लिए लखनऊ मुख?यालय पर बड़ी बैठक बुलाई है।यूपी के कई जिलों में मानसून की पहली बारिश हो रही है। इस बीच आज सीएम योगी आदित?यनाथ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिला मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर बाढ़ बचाव की स्थिति जानी। उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां तुरंत पूरी करने के साथ ही कहा कि हर स्तर पर जवाबदेही तय करें। किसी किस्म की लापरवाही बर्दाश?त नहीं की जाएगी।सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य में बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारी को लेकर ज़िला मजिस्ट्रेटों के साथ समीक्षा बैठक की

## 'गब्बर सिंह टैक्स' बन गया 'गृहस्थी सर्वनाश टैक्स', राहुल गांधी का पीएम मोदी पर निशाना



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने खाद्य पदार्थों से लेकर होटल में ठहरने पर करों में वृद्धि को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री का गब्बर सिंह टैक्स अब गृहस्थी सर्वनाश टैक्स का रूप ले रहा है। राहुल गांधी ने ट्विटर पर कहा, आय और रोजगार में गिरावट, महंगाई के बढ़ते झटके के साथ सबसे ऊपर है। प्रधानमंत्री का गब्बर सिंह टैक्स अब गृहस्थी सर्वनाश टैक्स का विकराल रूप ले चुका है। उन्होंने एक समाचार रिपोर्ट का हवाला दिया कि खाद्य पदार्थों, पढ़ाई और होटल में ठहरने पर कर महंगा हो गया है। बता दें कि इससे पहले पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने पहले माल और सेवा कर (जीएसटी) को गब्बर सिंह टैक्स करार दिया था। गौरतलब है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों वाले पैनल ने जीएसटी से छूट की समीक्षा करने के लिए जीओएम की सिफारिश को स्वीकार कर लिया है, जो वर्तमान में खाद्य पदार्थों को पैक और लेबल किया गया है। इसके तहत पहले से पैक और लेबल वाला मांस, मछली, दही, पनीर, शहद, सूखे फलियां, सूखे मखाना, गेहूं और अन्य अनाज, गेहूं का आटा, गुड़, मुरमुरा (मुरी), सभी सामान और जैविक खाद और कॉयर पीथ कम्पोस्ट को जीएसटी से छूट नहीं मिलेगी और अब उस पर पांच प्रतिशत कर लगेगा। इसी तरह, चेक जारी करने (ढीले या बुक फॉर्म में) के लिए बैंकों द्वारा लिए गए शुल्क पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाएगा। एटलस सहित मानचित्र और चार्ट पर 12 प्रतिशत का शुल्क लगेगा। अनपैक्ड, अनलेबल और अनब्रांडेड सामान जीएसटी से मुक्त रहेगा। इसके अलावा, 1,000 रुपये प्रतिदिन से कम के होटल के कमरों पर 12 प्रतिशत कर लगाया जाएगा।

## पापा को वॉट्सऐप मैसेज के बारे नहीं पता था, बोला कन्हैया लाल का बेटा - हत्या करने वालों का एनकाउंटर हो

राजस्थान के उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की हत्या के बाद से शहर में सन्नाटा पसरा हुआ है। केंद्र सरकार ने उदयपुर में दर्जी की हत्या की घटना को एक आतंकवादी कृत्य मानते हुए बुधवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को मामले की जांच अपने हाथ में लेने और इसमें किसी भी संगठन या अंतरराष्ट्रीय संलिप्तता का पता लगाने का निर्देश दिया है।कन्हैयालाल के दो बेटे हैं। मीडिया को कन्हैयालाल के परिजनों ने बताया कि यह पोस्ट गलती से कन्हैया के 8 साल के मासूम बच्चे ने अनजाने में कुछ वॉट्सऐप ग्रुप में भेज दिया था। यह पोस्ट कुछ कट्टरपंथियों ने देखा तो वो कन्हैयालाल के दुश्मन बन गए। अब कन्हैयालाल के बेटे ने कहा है कि पिता को पोस्ट के बारे में कुछ पता नहीं था। मीडिया से बातचीत में मासूम बेटे ने मांग की है कि उनके पिता की हत्या करने वालों का एनकाउंटर कर दिया जाए। बेटों ने पिता के हत्यारों के लिए सख्ती सजा की मांग की है। बेटे का कहना है कि उन्हें फांसी की सजा दी जाए। बता दें कि उदयपुर के सात थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा है, जबकि राजस्थान के सभी 33 जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है। बीच उनकी अंतिम यात्रा शुरू की गई, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## उपराष्ट्रपति चुनाव का भी बजा बिगुल, 6 अगस्त को होगा मतदान; चुनाव आयोग का ऐलान



राष्ट्रपति चुनाव के बाद अब उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए भी बिगुल बज चुका है। चुनाव आयोग ने बुधवार को उपराष्ट्रपति चुवाव के लिए तारीखों का ऐलान कर दिया है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 6 अगस्त 2022 को वोट डाले जाएंगे और उसी दिन परिणाम भी आ जाएंगे। मौजूदा उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू का कार्यकाल 11 अगस्त को खत्म हो रहा है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 5 जुलाई को नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। वहीं, नॉमिनेशन की आखिरी तारीख 19 जुलाई 2022 होगी। इसके बाद 20 जुलाई को उम्मीदवारों की स्क्रूटनी की जाएगी। वहीं, उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 22 जुलाई होगी। राष्ट्रपति चुनाव के लिए अगर मदतान की जरूरत पड़ती है तो उसके लिए 6 अगस्त को वोट डाले जाएंगे। मतदान का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतदान के दिन ही वोटों की गिनती भी की जाएगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### कैसे होता है उपराष्ट्रपति का चुनाव?

राष्ट्रपति चुनाव में संसद के दोनों सदनों के सदस्य हिस्सा लेते हैं। इस चुनाव मनोनीत सांसद भी अपना वोट डाल सकते हैं। इस तरह से देखें तो इस चुनाव में राज्यसभा के चुने हुए 233 सदस्य और 12 मनोनीत सदस्यों के अलावा लोकसभा के 543 चुने हुए सदस्य और दो मनोनीत सदस्य वोट करते हैं। हालांकि, राष्ट्रपति चुनाव में ऐसा नहीं होता है। उसमें दोनों सदन के सदस्य के साथ-साथ विधायक भी वोट करते हैं।

# स्वास्थ्य केंद्र हरदुआगंज प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा उत्पीड़न आशाओं का बर्दाश्त नहीं किया जाएगा-ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह से मिली स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकत्रियों आशा कार्यकर्ताओं ने बताया है कि स्वास्थ्य केंद्र हरदुआगंज प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा आशाओं का उत्पीड़न चरम सीमा पर है आशाओं से बिना पैसे के कोई कार्य पूरे नहीं किए जाते ?2000 स्वास्थ्य केंद्र हरदुआगंज के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा मांगे जा रहे हैं यह एक गंभीर प्रकरण है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि इस समस्या को लेकर जिलाधिकारी एवं कमिश्नर से मिलेंगे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी हरदुआगंज के खिलाफ कार्यवाही कराएंगे आशा कार्यकत्रियों ने यह भी बताया है कि जो योजना सरकार ने दी हैं उन योजनाओं में भी पैसा ले लिए जाते हैं आज आशा कार्यकत्रियों काफी उत्पीड़न के रास्ते से गुजर रही है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह आशाएं मिली थी अपने उत्पीड़न की बात बताई थी उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य केंद्र हरदुआगंज प्रभारी चिकित्सा अधिकारी यह समझ ले उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है अवैध वसूली की आड़ में आशाओं का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उसकी शिकायत प्रमुख सचिव स्वास्थ्य सेवा एवं स्वास्थ्य मंत्री जी को लिखित में सभी शिकायतें भेजी जाएंगे हरदुआगंज स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की विभागीय जांच कराई जाएगी और उनके तबादले की मांग की जाएगी अधिकांश आशा किसानों के परिवारों से हैं


# भाजपा किसान मोर्चा महानगर ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला फूंका इस्तीफे की मांग की

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में राजस्थान उदयपुर में हुई कन्यालाल की हत्या के विरोध में राजस्थान सरकार एवं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला फूंका सरकार से इस्तीफे की मांग की गई कन्हैया लाल की दिनदहाड़े हत्या की गई पुलिस वाले कहां पर थे पुलिस ने एक्शन क्यों नहीं लिया हत्या के बाद पुलिस गिरफ्तार करने पहुंची राजस्थान सरकार की साजिश इस हत्या में हत्यारे गिरफ्तार कर लिए गए उनका एनकाउंटर होना चाहिए था रिश्तेदार की तरह उनका हत्यारों का सेवा हो रही है राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार हर कार्य में विफल है शासन सत्ता का हत्यारों पर कोई अंकुश नहीं खुलेआम हत्या की कन्हैया लाल की हत्या कांग्रेस सरकार को बहुत महंगी पड़ेगी भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि हत्यारे खुलेआम धारदार हथियार से हत्या की उसे लहरा रहे हैं पुलिस देख रही है राजस्थान सरकार देख रही है राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के अंदर थोड़ी सी भी नैतिकता है तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने नेतृत्व में धनीपुर जीटी रोड पर किसानों ने एवं कार्यकर्ताओं ने जोशीले रूप में नारेबाजी के साथ अशोक गहलोत सरकार का पुतला फूंका और मुख्यमंत्री का पुतला फूंका अशोक गहलोत सरकार से मांग की राजस्थान में कोई किसान कोई मजदूर किसी वर्ग का आदमी सुरक्षित नहीं ऐसी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए' कार्यकर्ता उपस्थित थे कन्हैया लाल की हत्या गहलोत सरकार को बहुत महंगी पड़ेगी हत्यारों का एनकाउंटर होना चाहिए फांसी की सजा होनी चाहिए

## कोतवाली देहात के कमसान नहर में पुल से एक बुजुर्ग महिला हजारा नहर में कूदी



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कोतवाली देहात के कमसान नहर में पुल से एक बुजुर्ग महिला हजारा नहर में कूदी, बुजुर्ग महिला की नहर में कूदने की सूचना पर पहुंचे गोताखोर जोगिंदर सिंह ने बुजुर्ग महिला को हजारा नहर से सकुशल बाहर निकाला, बुजुर्ग महिला का नाम सोना देवी पत्नी प्रभु दयाल निवासी अवागढ़ बताया जा रहा है, कोतवाली देहात पुलिस ने बुजुर्ग महिला को परिजनों को बुलाकर किया सुपुर्द,

# पैसे उधार देकर पत्नी के साथ करता था छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-थाना अकरावाद,क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने एसएसपी को दी शिकायत में आरोप लगाते हुए पत्नी से छेड़छाड़ का अन्य व्यक्ति पर आरोप लगाया है इसमें उसने कहा कि उसने गांव के ही एक व्यक्ति से ?5,000 उधार लिए थे कुछ दिन बाद गांव के ही कुछ लोगों व अपनी पत्नी के सामने उसने रुपए वापस कर दिए थे आरोप है कि वह उसके पीछे से घर आकर पत्नी को तरह-तरह के प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश करता था पत्नी ने इसकी जानकारी उसे दी तो उसने उधार के लिए गए रुपयों का बंदोबस्त कर उसे लौटा दिए इसके बावजूद वह पत्नी के साथ हरकतों से बाज नहीं आ रहा था बीते मंगलवार को भी उसने पत्नी के साथ छेड़छाड़ की शोर सुनकर पड़ोसियों के आने पर वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया घटना की जानकारी उसने पनेठी पुलिस चौकी व थाने पर दी, लेकिन पुलिस ने उसकी कोई मदद नहीं की थक हार कर वह एसएसपी अलीगढ़ के यहां पहुंचा और आपबीती सुनाई एसएसपी के निर्देश पर थाना पुलिस ने आरोपित उमेश कुमार पुत्र बसंत लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु/औद्योगिक-व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक कलेक्टेªट सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की गयी। बैठक में अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 08 प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 07 तथा ओ0डी0ओ0पी0 में 03 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृति प्रदान की गयी है। स्वीकृत ऋण आवेदन पत्रों पर तीव्र गति से ऋण वितरण कराने हेतु जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग/ अग्रणी जिला प्रबन्धक इण्डियन बैक भिनगा को निर्देश दिये है। बैठक में भिनगा से लखनऊ आने-जाने के लिए 03 रोडवेज की बसों के नियमित संचालित करने की मांग की गयी, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) कमलेश चन्द, उपायुक्त उद्योग जे0एन0 यादव, सहायक आयुक्त उद्योग अरबिन्द कुमार भास्कर, अग्रणी जिला प्रवन्धक जे0एन0 श्रीवास्तव, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत भिनगा, उप निदेशक मण्डी निर्माण गोण्डा, आलमगीर, रामशंकर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# चुनाव के दौरान बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों को किया सम्मानित



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के नेतृत्व में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 में मतदाता जागरुकता से लेकर सकुशल एवं निर्विघ्न मतदान कराये जाने के फलस्वरूप कलेक्टेट सभागार में जिलाधिकारी को अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र एवं उपस्थित अन्य अधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह तथा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल सम्पन्न होने के उपरान्त अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह एवं उनके कार्यालय को मतदान कार्मिक प्रबन्धन और प्रभावशाली स्वीप कार्यक्रम में बेहतर कार्य हेतु एवं अपर जिलाधिकारी को उप जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में दायित्वों के सम्यक निर्वहन के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। रिटर्निंग आफिसर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-289 भिनगा/उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमार तथा विधान सभा क्षेत्र 290-श्रावस्ती/उपजिलाधिकारी आर0पी0 चौधरी को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## दो वारण्टी गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थानाध्यक्ष विसुनदेव पाण्डेय थाना गिलौल मय हमराह द्वारा मु0नं0 292/18 धारा 498ए,323/504/506 आईपीसी व डीपी एक्ट से सम्बंधित वारंटी 1. रोशन पुत्र राम मनोहर 2. राम मनोहर पुत्र रग्घू निवासीगण करौंदी थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया ।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की द्वितीय चरण एवं कोविड-19 स्थिति की तैयारियों की समीक्षा बैठक

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की द्वितीय जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष संचारी रोग नियंत्रण ( द्वितीय चरण ) दिनांक 01 जुलाई 2022 से 31 जुलाई 2022 तक तथा दस्तक अभियान ( द्वितीय चरण ) दिनांक 16 जुलाई से 31 जुलाई 2022 तक प्रस्तावित है। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद एवं ब्लाक स्तरीय विभिन्न विभागों को जिलाधिकारी द्वारा मिलकर कार्य करने एवं विभागों के कार्य एवं उत्तरदायित्वों को निर्धारण कर अभियान को सफल बनाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मानसून का समय आ रहा है और जल भराव संचारी रोगों का मुख्य कारण है वही पर मच्छर पनपते हैं झाडियों की कटाई करा ली जाये तथा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का बेहतर प्रबन्धन करें। एंटी लार्वा का सही से सदुपयोग करें, पंचायत एवं शहरी स्तर पर एंटी लार्वा का समुचित उपयोग किया जाये, प्लानिंग इस प्रकार की हो जिससे कि प्रत्येक मोहल्ला कवर हो जाये। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क क्षेत्र में दस्तक अभियान के दौरान जाने वाली टीमें यह देख लें कि जहां जल भराव है वहां एंटी लार्वा का छिड़काव अवश्य कर लिया जाये। उन्होंने कहा कि गौ आश्रय स्थलों पर भी इस बात का ध्यान रहें कि जल भराव न हो तथा चारे की भी समस्या न हो, इसके लिए पहले से ही सम्पूर्ण तैयारी कर लें। उन्होंने कहा कि चिकित्सालयों में एंटी स्नेक वेनम के लिए जो मरीज आये उनको अवश्य इंजेक्शन लगाये जाये। रैबीज को लेकर आने वाली शिकायतों के संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि रैबीज की उपलब्धता बनाये रखें और उसका सदुपयोग किया जाये। उन्होंने कोविड-19 के बढते विस्तार के दृष्टिगत एल-2 हास्पिटल को अभी से एक्टिवेट करने हेतु निर्देशित किया तथा आक्सीजन प्लांट को भी दुरस्त करने एवं चलवाकर देखने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को जनपद में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में वैक्सीनेशन स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि जिस स्तर पर भी वैक्सीनेशन कम है वहां शत प्रतिशत किया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि कहीं पर जल भराव होता है तो इस अभियान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ नगर विकास विभाग, पंचायतीराज/ ग्राम्य विकास विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग, सूचना विभाग एवं उद्यान विभाग द्वारा कार्य किया जायेगा। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत को निर्देशित किया कि शहरों में साफ-सफाई बेहतर तरीके से सुनिश्चित की जाये तथा कहीं पर भी कूडा इक्टठा न हो तथा नियमित रुप से कूडे का उठान कराते रहें तथा जल भराव भी न हो। सभी कार्यक्रमों को समय से करते रहें जिससे कि शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री आनन्द वर्धन, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0एम0सी0 गर्ग, एसीएमओ डा0 दीपक वर्मा, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 संजीव बेलवाल, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, समस्त उप मुख्य चिकित्साधिकारी, नोडल अधिकारी, एनयूएचएम नोडल अधिकारी नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समस्त चिकित्साधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, एनएचएम मुरादाबाद, अर्बन हेल्थ कोर्डिनेटर, डीएनसी, डब्ल्यूएचओ, कोरपीसीआई, यूनिसेफ के प्रतिनिधि, डीपीएम रघुवीर सिंह, वीसीसीएम, यूएनडीपी व जेएसआई के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सुनिश्चित करने तथा रनिंग वाटर में उपयोग होने वाले पाइप, टंकी एवं मोटर की गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होने जर्जर एवं मरम्मत योग्य स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केंद्रो का प्रस्ताव देने के साथ ही डीएमएफ मद से जिन कार्यो के लिए प्रस्ताव भेजे गये थे उनका तकनीक स्वीकृति प्राप्त कर कार्य शुरू करने के भी निर्देश दिए। उन्होने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले के महिला स्व सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों-झाड़ू, पोछा, फिलाइल, साबुन, आचार, पापड़, बड़ी आदि की आपूर्ति स्कूल, छात्रावास-आश्रम एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में अनिवार्य रूप कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों की ई-केवाईसी अपडेट कराने, धान के बदले वैकल्पिक फसल लेने तथा खेती के लिए आवश्यकता अनुसार ऋण उपलब्ध कराने के लिए जिला केंद्रीय सहाकारी बैंक के अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने जनसंवाद शिविरों में प्राप्त आवेदनों मे से निराकरण हेतु शेष आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने, प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत शीघ्र सहायता राशि उपलब्ध कराने, पहुंच मार्ग, पुलिया निर्माण, सामुदायिक शौचालय, स्कूलों में आहाता निर्माण, मुआवजा वितरण, फसल बीमा, फर्जी जाति प्रमाण के आधार पर नौकरी करने से संबंधित आवेदनों का समय सीमा में निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल, वनमण्डलाधिकारी श्री दिनेश पटेल, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर के खूंटे, संयुक्त कलेक्टर आनंद रूप तिवारी सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहीं राशन और शराब की दुकानें

मुरादाबाद-खाद्य सुरक्षा विभाग से बिना लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन करवाए तमाम खाद्य पदार्थों की दुकानें संचालित हो रही हैं। इन दुकानदारों को नोटिस देने के बाद भी अभी तक प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। खाद्य सुरक्षा विभाग की चेतावनी का कोई असर नहीं है। मुरादाबाद जिले में करीब 1200 राशन दुकानदार हैं इनमें सिर्फ 350 ने अपना रजिस्ट्रशन खाद्य विभाग में करवाया है। बाकी सभी दुकानदार बिना रजिस्ट्रेशन के दुकान चला रहे हैं। ारोबार में खाद्य विभाग से लाइसेंस लेना जरूरी होता है। इसके कम टर्न ओवर होने पर विभाग में रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अफसरों ने बताया कि जो भी खाद्य या पेय पदार्थों की बिक्री होती है सभी इस दायरे में आते हैं।

# डीएम-एसएसपी ने कावंड यात्रा के दृष्टिगत पूरे रुट का किया निरीक्षण



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमन्त कुटियाल द्वारा आज साईकिल से कांवड रुट पी0ए0सी0 तिराहा मुरादाबाद से अगवानपुर वाईपास, सराय खजूर, संदलीपुर होते हुए कांठ तक का निरीक्षण किया गया तथा कांवडियों की सुविधा हेतु कस्बा एवं ग्रामीवासी से भी संवाद किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि सावन माह में कावंडियें हरिद्वार से जल लेकर आते हैं तथा सावन के अन्तिम सोमवार को काफी संख्या में आते हैं तथा कावंड यात्रा के दृष्टिगत आज पूरे रुट का निरीक्षण किया गया कि क्या-क्या व्यवस्थाएं की जानी है। उन्होंने बताया कि हम लोगों का प्रयास है कि कोविड के चलते जो कावंड यात्रा नही हो पायी है तथा इस बार कावंड यात्रा हो और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ एसपी सिटी श्री अखिलेश भदोरिया भी उपस्थित रहें।

# सपाइयों ने धूमधाम से मनाया प्रो. रामगोपाल का जन्मदिन



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव का 76 वां जन्मदिन पार्टी कार्यकर्ताओं ने बड़े ही धूमधाम से बनाया और उनके दीर्घायु और यशस्वी जीवन की कामना की। जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने कहा कि वह पार्टी के स्तंभ हैं और सभी कार्यकर्ताओं का मान सम्मान करते हुए हमेशा सही दिशा में चलने का संदेश देते हैं। कई बार सांसद व राज्यसभा सांसद रहने के बाद भी उन्होंने संगठन को हमेशा वरीयता दी। कार्यक्रम में देहात विधायक हाजी नासिर कुरेशी, पूर्व जिला अध्यक्ष अथहर हुसैन अंसारी,जिला महासचिव मुदस्सिर खान, पूर्व श्रम विभाग के सदस्य गुलजार अहमद, जिला उपाध्यक्ष प्रेम बाबू वाल्मीकि,जिला उपाध्यक्ष हसनैन अख्तर,मोहसिन खान,असलम पंचायती,फाजिल मलिक,संजय अग्रवाल,दीपक विश्नोई,अलका दुबे, हसीन जमाल,राकेश राठी,सलीम प्रधान,गजन चौधरी,हिमांशु सैनी,हारून प्रधान,कामिल मंसूरी,महेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Worry rising inflation

At the time when the world's big powers were bragging about global food security due to the Russo-Ukraine war in the G-7 meeting in Germany, at the same time a news came in the country. .


According to reports, rice prices in the country have increased by about 10 per cent in the last five days and the reason behind this is being attributed to a drastic cut in import duty on non-basmati rice by neighboring Bangladesh. Actually, Bangladesh is a densely populated country. It has also made tremendous progress in terms of agricultural production. There is a good yield of paddy, but this time due to floods, its crops have suffered a lot, from above the war of Ukraine has become a scab on leprosy.

So he has taken this step to increase the stock of rice. But it has started to affect the supply of rice in our domestic market. Rice and wheat are our staple food grains and any increase in their prices impacts the kitchen budget of every household. The inflation of food and drink bothers the people the most and it also has a big role in determining the popularity-unpopularity of the governments. There is a saying about onions. This is the reason why in mid-April this year, when there was an unexpected increase in the price of flour, and it went above Rs 55 per kg in many places, then the government had to stop the export of wheat in a hurry. Although the government had then claimed that it had enough stock, the reality is that this time the government procurement of wheat has come down significantly and the government was apprehensive about the challenges ahead. Russia and Ukraine are both major wheat producers and their war has disrupted entire supply chains. In such a situation, inflation is increasing day by day from America to South Asia."India is a country with a huge population. It is heartening that decades ago we have become a self-sufficient country in food production. What a relief this success is, we realized it during the peak days of the pandemic. Then about 80 crore people of the country got the benefit of free food grains. It continues even now, rather the central government has extended it till September, but such a large population cannot be provided free food grains continuously. In such a situation, it can be estimated that when this scheme ends after three months, or there will be some kind of reduction in it, then how much population will have to suffer from the current inflation of rice-flour. People are also worried about the rising prices of other commodities. RBI's Monetary Policy Committee member Jayant Verma says that the country's economy should not be allowed to suffer in an attempt to immediately control high inflation, as it has come back on track with great difficulty. Of course, the long-term interests of the economy must be protected, but it is also necessary to contain inflation because it can lead to social anarchy. Many countries of the world are facing mass-movements due to inflation.

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# Disturbed by this act of Bharat, Isha had slapped, then after 10 years, love was complete.

Bollywood actress Esha Deol did not get much success in her film career but she is very successful in her personal life. Their love story is no less than a film story. Esha Deol married her childhood love on 29 June 2012. After marriage, Isha also said goodbye to her film career and today her marriage has completed 10 years. In such a situation, let us tell you the love story of Isha and Bharat Takhtani. When did the first meeting happen?"Isha and Bharat Takhtani first met when both were 13 years old. Both used to study in different schools, but during the inter-school competition, both of them used to meet. It is said that since then Bharat was losing heart to Isha. Isha had given her number by writing it on a tissue paper, after which both of them used to talk a lot. Once in an interview, when Bharat was asked what he liked in Isha, he said that Isha always looked fresh. I had a crush on Isha since childhood and both of us also liked each other. When Isha slapped - both Isha and Bharat became good friends, but day Bharat did something that he did not like Isha at all He came and slapped him. Actually, Bharat had tried to hold Isha's hand, on which Isha slapped Bharat and said that how dare you hold my hand? Isha had said during an interview that we were in-mature and I had not spoken to Bharat for many years. Although Bharat used to be a friend of Isha's sister Ahana and then after 10 years, one day both of them met again. Then Ishaq and Bharat happened after 10 years at Niagara Falls in Canada. At that time Bharat had asked Isha if he could hold her hand now, then Isha told him yes and then the two never parted. After this Bharat met Hema Malini and Dharmendra. Hema Malini liked Bharat at first. Dharmendra talked to Bharat for about an hour and then he was satisfied. After all this, both of them got married in 2012. The parents of two daughters are"Daughter Radhya was born on 20 October 2017 after five years of marriage to Isha and Bharat. After this, their second daughter Miara Takhtani was born on 10 June 2019. Isha says about her children that Mamma loved to do anything for us (Isha and Ahana). Now that I am also a mother, I also love doing everything for my children.



## After Alia Bhatt, Rakhi Sawant wants to become a mother, said - even before marriage, it will work

Drama queen Rakhi Sawant often remains in the headlines due to her statements. Rakhi Sawant is very excited after the announcement of Alia Bhatt's pregnancy and recently during a conversation with the paparazzi, she talked about her excitement of becoming a mother. When the paparazzi told Rakhi Sawant, giving a hint of Alia Bhatt's pregnancy, that the good news has come, Rakhi Sawant said- When will I be pregnant? Rakhi ready to become a mother even before marriage"Rakhi Sawant said, 'When will the good news come in my life? Don't worry if you come even before marriage... As soon as the good news comes, I will get married on the very next day. It doesn't happen nowadays. But that is a crime against God... Baap re, not Baba. I will give birth to a messiah who will make everything right."Rakhi Sawant prays for Alia"Rakhi Sawant said that she has gone and sought blessings from God. Rakhi Sawant said Alia is a good girl. Let us tell you that another video of Rakhi Sawant about Alia Bhatt's pregnancy recently went viral in which she was seen traveling in a car with her boyfriend Adil.



# सोलर पंप खराब होने से पानी के लिए भटक रहे ग्रामीण, बार-बार शिकायत के बाद भी अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-देवढी- जिले के ग्राम पंचायत देवढी में लगभग 1 माह से सौर ऊर्जा खराब हो गई है। और ग्रामीणों के बार-बार शिकायत करने पर भी अधिकारी कर्मचारियों ने इस पर कोई ध्यान ही नहीं दे रही है। ग्रामीण पानी के लिए दूर-दूर से लाकर अपना काम चला रहे हैं। सौर ऊर्जा सोलर पंप के द्वारा लगभग 10 घरों में पानी का सप्लाई किया जाता है और सोलर पंप खराब होने से आज पानी के लिए मोहल्ले के ग्रामीण दर-दर भटक रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि एक बार अधिकारियों ने आकर सौर ऊर्जा में लगे पंप को निकाल कर ले गए थे। और उसी पंप को बिना रिपेयरिंग किए लाकर लगाए तब पानी नहीं निकला था। फिर से उसी पंप को क्रेडा विभाग के कर्मचारियों ने बनवाने के लिए ले गए। इसके बाद क्रेडा विभाग के अधिकारी कर्मचारी को बार-बार फोन करने पर भी वह नहीं बना रहे हैं। जिससे आज ग्रामीण आसपास के कुवा दूर-दूर से पानी लाकर पी रहे हैं ग्रामीणों ने कई बार क्रेडा विभाग के अधिकारियों को फोन किया परंतु आजकल करके लगभग 1 महीने तक टालमटोल कर रहे हैं। सौर ऊर्जा मैं लगे बड़े टंकी भी लगभग 1 वर्ष से फुट गया है जिससे टंकी में पानी भरने से पानी टपकता रहता है। जिसकी सूचना भी ग्रामीणों ने कई बार विभाग को दे चुकी है। फिर भी आज दिवस तक टंकी लगवाने में क्रेडा विभाग असफल रही। और अब सोलर पंप खराब होने पर अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे ग्रामीण परेशान हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जल्द से जल्द अगर पंप नहीं लगाया गया तो हम प्रक्रिया आगे बढ़ाएंगे।

# एएमयू सुरक्षा कर्मी को असमाजिक तत्वों ने पीटा,घर में की तोड़फोड़

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-क्वार्सी थाना क्षेत्र के मोहल्ला जीवनगढ़ में बुधवार को आसमाजिक तत्वों ने एएमयू के सुरक्षा कर्मी के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। इतना ही नहीं घर में तोड़फोड़ कर दी। दरवाजे पर लगे सीसीटीवी कैमरे तक तोड़ दिए। वारदात के बाद हमलावर धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित ने नौ लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। वाकये के अनुसार मोहल्ला जीवनगढ़ गली नंबर दस निवासी माजिद अली पुत्र फिराज अली एएमयू में सुरक्षा कर्मी है। पीड़ित के अनुसार रोजाना की तरह बुधवार को वह घर से ड्यूटी के लिए एएमयू जा रहा था। आरोप है कि घर से बाहर निकलते ही पांच-छह युवकों ने उसे रोक लिया और गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर दी। इसके बाद हमलावरों ने घर के अंदर तोड़फोड़ कर सीसीटीवी तोड़ दिए। काफी देर तक हंगामा होता रहा। शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग आ गए। स्थानीय लोगों के आने पर हमलावर धमकी देते हुए चले गए। पूरा वाकया सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पीड़ित माजिद ने नौ लोगों को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर विजय सिंह ने बताया कि मामला रंजिश का है। फुटेज के आधार पर आरोपियों को चिन्हित किया जा रहा है। तहरीर के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# सरकार की उपलब्धियां जन जन तक पहुंचाये क्षेत्रीय सांसद राजवीर सिंह



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-निधौलीकलां बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया ने आज नगरिया मोड़ पर आयोजित कार्यक्रम में जहां देश और प्रदेश की जनता की नीतियों की प्रशंसा की वही भाजपाइयों का आव्हान किया कि वह सरकार की नीतियां जन जन तक पहुंचाएइस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह वर्मा विधान परिषद सदस्य आशीष यादव आशु भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष संदीप जैन आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष देवलाल लोधी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे

# झोलाछाप द्वारा गलत उपचार कर महिला की जान लेने के बाद मां पीताम्बरा क्लीनिक हुआ सील



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अलीगंज - झोलाछाप द्वारा गलत उपचार कर महिला की जान लेने वाले मां पीताम्बरा क्लीनिक को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में आज बुधबार को डिप्टी सीएमओ अवैध चिकित्सा व्यवसाय डा. सर्वेश कुमार द्वारा भारी पुलिस बल के साथ आखिरकार सील कर दिया गया है ! आखिर ये झोलाछाप कब तक गरीब वर्ग के लोगों की जिंदगियों से खेलते रहेंगे ! ज्ञातव्य हो कि कल मगंलबार की सांय मुहल्ला लुहारी दरवाजा निवासी श्रीमती गिरजा देवी पत्नी दीप सिहं अचानक पेट दर्द की शिकायत पर पडौस में अवैध रूप से संचालित मां पीताम्बरा क्लीनिक पर उपचार कराने पहुंची थी ,परन्तु सामान्य सी बीमारी में मरीज की जेब काटने के चक्कर में झोलाछाप दनादन बोतलें चढाता रहा ! इसी दौरान कोई दवा रियक्शन होने से महिला के प्राण पखेरू हो लिऐ ! महिला की म्रत्यु की सूचना जैसे ही उनके घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया ! आनन फानन में महिला के मुहल्ले वालो की भीड क्लीनिक पर पहुंची और भीड ने जमकर झोलाछाप की खातिरदारी कर डाली कि तभी पुलिस पहुंच पाती झोलाछाप क्लीनिक छोडकर रफू चक्कर हो लिया ! बताया जाता है कि घटना के सन्दर्भ में परिवारीजनों द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है ! तथा महिला के शव का परीक्षण भी कराया गया है

# चेकिंग के दौरान एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थाना जसरथपुर पुलिस को मिली सफलता, चेकिंग के दौरान एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी अलीगंज श्री राजकुमार सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जसरथपुर पुलिस द्वारा थाना जसरथपुर के हिस्ट्रीशीटर/गैंगस्टर भूरे गुप्ता उर्फ सोहित पुत्र कुमकुम गुप्ता उर्फ आनन्द प्रकाश निवासी ग्राम सरौठ पंछाया थाना जसरथपुर जनपद एटा को दिनांक 29/06/2022 को समय करीब 05.40 बजे चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सरौठ बिजली घर के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# समाजवादी पार्टी एटा के जिला उपाध्यक्ष श्री तहसीलदार सिंह बघेल का निधन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-निधौली कलां। समाजवादी पार्टी एटा के जिला उपाध्यक्ष श्री तहसीलदार सिंह बघेल का आज बुधवार की सुबह 8 बजे निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# गौठानों के चारागाहों में 75 प्रतिशत भू-क्षेत्र बगीचे के रूप में होगा विकसित





- सभी पंचायतों में लोक वन के लिए भूमि चिन्हित करने जनपद सीईओ को निर्देश
- राजीव गांधी मितान क्लब के वॉलेंटियर ग्रामीणों को देंगे शासकीय योजनाओं की जानकारी
- महिला स्व सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों की आपूर्ति स्कूल, छात्रावास-आश्रम एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में कराने के निर्देश
- कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और समय सीमा में निराकृत जनसमस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होने निराकरण हेतु लंबित प्रकरणों को यथाशीघ्र निराकृत करने संबंधित अधिकरियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने राज्य शासन की मंशा के अनुरूप गौठानों को बहुउद्देशीय केंद्र बनाने और आय का साधन बढ़ाने गौठानों के चारागाहों में 75 प्रतिशत भू-क्षेत्र को बगीचे के रूप में विकसित करने कहा। यहां आम, अमरूद, कटहल, आंवला, नींबू, केला, पपीता, सीताफल आदि का रोपण कर बगीचे के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही गौठान क्षेत्रों में कोदो, दलहन, तिलहन एवं सब्जी का भी उत्पादन किया जाना है। इसी तरह अमृत सरोवरों में वृक्षा रोपण और सभी पंचायतों में लोक वन भी विकसित किया जाना है। इसके लिए तीनो जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी सीईओं को राजीव गांधी मितान क्लब के वॉलेंटियरो के जरिये सुपोषण, स्वच्छता सहित शासकीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने कहा, ताकि प्रात्रता के अनुसार अधिक से अधिक लोग जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सके। उन्होने सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रो में रनिंग वाटर सुनिश्चित करने तथा रनिंग वाटर में उपयोग होने वाले पाइप, टंकी एवं मोटर की गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होने जर्जर एवं मरम्मत योग्य स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केंद्रो का प्रस्ताव देने के साथ ही डीएमएफ मद से जिन कार्यों के लिए प्रस्ताव भेजे गये थे उनका तकनीक स्वीकृति प्राप्त कर कार्य शुरू करने के भी निर्देश दिए। उन्होने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले के महिला स्व सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों-झाड़ू, पोछा, फिलाइल, साबुन, आचार, पापड़, बड़ी आदि की आपूर्ति स्कूल, छात्रावास-आश्रम एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में अनिवार्य रूप कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों की ई-केवाईसी अपडेट कराने, धान के बदले वैकल्पिक फसल लेने तथा खेती के लिए आवश्यकता अनुसार ऋण उपलब्ध कराने के लिए जिला केंद्रीय सहाकारी बैंक के अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने जनसंवाद शिविरों में प्राप्त आवेदनों मे से निराकरण हेतु शेष आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने, प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत शीघ्र सहायता राशि उपलब्ध कराने, पहुंच मार्ग, पुलिया निर्माण, सामुदायिक शौचालय, स्कूलों में आहाता निर्माण, मुआवजा वितरण, फसल बीमा, फर्जी जाति प्रमाण के आधार पर नौकरी करने से संबंधित आवेदनों का समय सीमा में निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक बंसल, वनमण्डलाधिकारी श्री दिनेश पटेल, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर के खूंटे, संयुक्त कलेक्टर आनंद रूप तिवारी सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# योगी आदित्यनाथ सरकार में राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप के फोन पर अनजान नंबर से आई अश्लील वीडियो कॉल, मचा हड़कंप



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-योगी सरकार में राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप के फोन पर अश्लील वीडियो कॉल आने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक नरेंद्र कश्यप के फोन पर अनजान नंबर से एक वीडियो कॉल आया जो उन्होंने उठा लिया। फोन उठाते ही उसमें अश्लील तस्वीरें चलने लगी जिसे देखकर वो हैरान रह गए। उन्होंने तुरंत फोन काट दिया। इसके बाद ऐसा ही फोन नरेंद्र कश्यप के बेटे और भतीजे को भी आया। नरेंद्र कश्यप ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी और अब पुलिस की साइबर सेल टीम इस मामले की जांच कर रही है। इस तरह उनकी छवि को खराब करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने ये भी कहा कि वो चाहते हैं कि गाजियाबाद पुलिस मामले की तह तक जाए और इस साजिश को बेनकाब करे। गौरतलब है कि नरेंद्र कश्यप को आजमगढ़ लोकसभा उप-चुनाव की जिम्मेदारी दी गई थी जिसे उन्हें बखूबी निभाया। आजमगढ़ चुनाव जीत के बाद से लखनऊ में नरेंद्र कश्यप का प्रभाव बढ़ा है। इस पूरे मामले पर पुलिस का कहना है कि पिछले कुछ समय से गाजियाबाद, नोएडा और फरीदाबाद जैसे इलाकों में सेक्स रैकेट चलाने वाले लोगों को अश्लील वीडियो कॉल कर रहे हैं। अगर कोई उनके उकसावे में आकर वीडियो देखने लगता है तो वो दूसरी तरफ से उसकी वीडियो रिकार्ड करते हैं और सोशल मीडिया पर वो वीडियो डालने की धमकी देकर मोटी रकम वसूलते हैं। पुलिस के मुताबिक ऐसे लोग पहले भी पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं। राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप, अश्लील वीडियो कॉल, मंत्री के पास आया अश्लील वीडियो कॉल, उत्तर प्रदेश, साइबर सेल, साइबर पुलिस

# अग्निपथ योजना के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से बताने के लिये भारतीय जनता पार्टी जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही द्वारा जिला भाजपा कार्यालय गौरेला में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री मा.नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा बड़ी संख्?या में युवाओं को देश की रक्षा और सशस्त्र बलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु अग्निपथ योजना की घोषणा की गई है.अग्निपथ योजना के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से बताने के लिये भारतीय जनता पार्टी जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही द्वारा जिला भाजपा कार्यालय गौरेला में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। मुख्य वक्ता अकलतरा के लोकप्रिय विधायक एवं भाजपा के जिला सह प्रभारी सौरभसिंह ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा की केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार अग्निपथ योजना के माध्यम से लगभग छह लाख अग्निवीरों की भर्ती करने जा रही.इस योजना की अनुशंसा 1971 से विभिन्न समितियों द्वारा की जाती रही है किंतु कोई भी सरकार इस योजना को चालू नही कर पाई.विश्व के विभिन्न देशों में यह योजना पहले से ही चल रही है.इस योजना को सेना के तीनों अंगों की सहमति है और उन्होंने इसे देश की सुरक्षा के लिये आवश्यक बताया.सौरभ सिंह जी ने कहा की सेना में भर्ती के बाद युवाओं में अनुशासन आयेगा.उन्होंने बताया की सेना में अधिकारियों के पदों में लगभग 11,000 भर्ती होती है उसमें कोई परिवर्तन नही आयेगा.कांग्रेस सेना का राजनीतिकरण कर रही है इसके खिलाफ आंदोलन करके देश को अराजकता के माहौल में ले जाना चाहती है. इस प्रेस कांफ्रेंस में प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष कन्हैयासिंह राठौर,उपाध्यक्ष दिलीप यादव,महामंत्री राकेश चतुर्वेदी, लालजी यादव, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बालकृष्ण अग्रवाल,कोषाध्यक्ष जयप्रकाश शिवदासानी,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संयोजक मथुरा सोनी,पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष सन्दीप जायसवाल,मीडिया सह प्रभारी तापस शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।